mission is to please see that the amount, whatever it may be, earmarked for the development of the tribal areas is not diverted to other areas but it should be utilised for the development of the tribal areas in full. What is the objective of the Plan? By allocation of money, administration and the attitude towards the implementation, we can achieve the results. If you go through the allocation for each Ministry at the Central level and if the figures are collected from the States, you will be surprised to know that the development at different levels is very slow, particularly in tribal areas. I am not blaming the previous government; I am not going to blame this government because in the administrative set up the attitudes have not changed in different levels. If I blame the Janata Party ministry, they will say: in the previous government for 25 years why have they not done it? That is not the question. The question is, that policy guidelines have been adopted. The implementation programmes as well as directions from the Centre to the States were not given in time. I am asking why it has not been done? Take the Ministry of Agriculture, which is responsible for the development of backward areas because they are having the block development agencies. The plan process is to change with the times and the problems. Our conditions are becoming more and more worst. Why? Because there are some areas 100 years away and some areas 1000 years away from developed areas. There are some primitive people whose economic conditions need to be improved. It may not be possible for me to elaborate their problems one by one this time. The suggestions given in my substitute motions are not angry criticism but constructive suggestions to indicate the problems of these people so that plans, schemes and policies may be adapted to suit them. It is not a party or political issue; this is an economic document which we are discussing. The States are not utilising the money from the State sector for the purpose for which they are allotted. The Centre should earmark money from different ministries and that money should be spent on schemes for which moneys were earmarked and sanctioned. Broad policy guidelines should be there. But the problem is that in those areas administrative apparatus has not increased; it is lagging behind. Special responsibility for the development of the tribals and backward people had been given to the Governors and to the President under our Constitution. Still we have not achieved progress in the last 25 years of planning. At least in the coming five years we can achieve some progress in the development of backward areas and backward people if moneys allotted for them are spent on them. I do not want to give full details. My submission is that the first year of the Sixth Plan had started. The Ministries in the Centre who are responsible for the development of these areas should go in detail into those achievements which had been made in those areas. We have prepared 178 project reports for the development of those areas. Special attention should be paid to those areas. I shall invite special attention to my amendment No. 25 and I want to refer to excise policy. We adopted a policy that we will abolish liquor consumption. But how many liquor shops have been closed in the Tribal areas. We have been pressing for it since five years. When we had agreed in principle to close down the liquor shops, how many shops were opened in the Tribal areas, what is the revenue we are getting from them? Some time back we have suggested to the Government to close down the liquor shops and increase the developmental expenditure in the Tribal areas. But if you see the statistics about the liquor shops in the Tribal areas, you will see that they are not being closed at all. If the situation continues to be so, on one side the economic development will take place and on the other side social degradation will take place. When such is the case, how will

[Shri Giridhar Gomango]

there be development? It is a matter for serious consideration. We have taken a number of welfare measures in the past in the Tribal areas, but I am not going into the details of them.

I want the upliftment and the economic development of the tribals. When the provisions of the Constitution are very clear in this regard, why the Government is not allocating more money for investing them in Tribal areas for the upliftment of the people of the Tribal areas and by this the Plan objectives can be achieved?

I am participating in this debate because there is a Tribal sub-plan, a plan within a Plan of Central and State Plan. If we discuss on the Tribal sub-Plan and the National Plan together, we will be confused. Long back the Minister of Agriculture called a meeting of the Members of Parliament of the Tribal areas to discuss in detail the problems of the Tribal people. We gave a number of suggestions and it was decided in that meeting that the sub-Plan strategy will be applicable to the Tribal areas. If the other Ministers also call such meetings of the Consultative Committees, we can express our views and we can discuss in detail the problems of the Tribal people and find solutions to them. It is not a political question. It is a national problem therefore we will have to sit together and discuss in detail to find solutions to the problems of the Tribal people.

I would request the House to go into my substitute motions in detail, where I have clearly indicated as to what should be done and what should not be done so that the aims and objectives of the sub-Plan can be achieved.

श्री विनायक प्रसाद यादव (सहरसा) : सभापति महोदया, आज हम लोग ड्राफ्ट छठे फाइव इयर प्लान पर विचार कर रहे हैं। एक मायने में यह प्लान बहुत अच्छा है, इस में जो उद्देश्य रखे गये हैं, यदि उन को हम लोग एटेन कर सकें तो देश वाकई में आगे बढ़ सकता है। विगत 30 वर्षों में गांव बिल्कुल पीछे पड़ गये थे, गांवों की गरीबी बढ़ी है, उस को हम इस प्लान के द्वारा कुछ हद तक पाट सकते हैं।

यह ठीक है कि इस दुनिया में कई तरह के प्लान चले हैं—खास कर तीन तरह के प्लान्ज का एक्सपेरिमेन्ट किया गया है और तीनों के अलग-अलग नतीजे निकले हैं। आप को मालूम होगा—एक तरह के प्लान का एक्सपेरिमेन्ट जर्मनी और इटली में किया गया था, नाजी प्लान चलाया था, मुसोलिनी ने भी इटली के लिए एक प्लान चलाया था। उसका क्या नतीजा निकला? यह ठीक है कि जर्मनी में बेकारी खत्म हो गई थी, इटली में कुछ दिनों के लिए बेकारी मिटा दी गई थी। लेकिन अन्त में जर्मनी के लोगों को यह भी सिखाया गया था—उस प्लान के जरिये—कि रोटी के बजाय बन्दूक अच्छी है और उस प्लान का नतीजा कुछ वैसा ही निकला। दूसरा प्लान कुछ कैपिटलिस्ट देशों में चला, रूज़वेल्ट साहब ने "न्यू डील" चलाया था। सही माने में वह प्लान नहीं कहा जा सकता फिर भी एक प्रयास जरूर था अस्त व्यस्त पूंजीवाद को संगठित करने का। और उसके जरिए अमेरिका में कोई समाजवादी व्यवस्था कायम नहीं की गई थी। हां, अमेरिका का पूंजीवाद जो युद्ध से जरजर हो चुका था, वह पूंजीवाद फिर से पुनर्स्थापित किया गया था न्यू डील के जरिए। इंगलैंड में हालांकि 1914 तक कोई प्लान नहीं चला लेकिन वहां भी जो युद्ध से मंदी आई तो प्लान का सहारा लिया गया और बावेरियन प्लान चलाया गया, जो आज भी जारी है। एक बार डिजराइली ने कहा था कि इंगलैंड दो

नेशन्स हैं। एक **नेशन आफ दि रिच है** और दूसरा **इंगलैंड नेशन आफ दि पूअर** है लेकिन बवेरियन प्लान जो वहां चला, तो वहां पर आज कहा जाता है कि इंगलैंड दो नेशन्स हैं, एक है **नेशन आफ दि टैक्स-पेअर्स** और दूसरा है **नेशन आफ दि टैक्स-ईटर्स**। कुछ लोगों से टैक्स लिये जाते हैं और जो लोग ग़रीब तबके के हैं, वे एक तरह से टैक्स खाते हैं। आज वहां पर यह स्थिति है कि सब आदमियों की हैल्थ को इन्श्योर कर दिया गया है, सब लोगों को अनएम्प्लाय-मैंट दिया जाता है, या डोल दिया जाता है या यों कहें जिस को काम नहीं मिल सकता, उसको बेकारी का भत्ता दिया जाता है।

एक तीसरी तरह का प्लान चला, जिस को सोवियत प्लान कहते हैं जो कि रूस ने चलाया और जो शुरू के दो फाइव इयर प्लान्स रूस में चले, दुनिया की आंखें उस प्लान की ओर गईं और लोग समझने लगे कि यही एक तरीका है, यही सोशलिस्ट प्लान है, जिस के जरिए से पूंजीवाद पर अंकुश लगाई जा सकती है, ग़रीबी मिटाई जा सकती है, बेकारी मिटाई जा सकती है और कुछ हद तक मिटाई भी गई लेकिन उस का नतीजा भी क्या हुआ? हम और आप सभी जानते हैं कि ग़रीबी मिट गई, बेकारी मिट गई लेकिन लोगों को पोलीटीकल स्लेव बना दिया गया और डेमोक्रेसी को वहां पर खत्म कर दिया गया, नागरिक अधिकार खत्म कर दिये गये और इसलिए आज वह प्लान भी मौजूं प्लान नहीं रहा है। हमारे यहां भी विगत पांच प्लान चले हैं और मैं बहुत गौर से स्टीफन साहब का भाषण सुन रहा था और उस भाषण में वे कह रहे थे कि यह जो मौजूदा प्लान हम लोगों के सामने है, जिस को माननीय प्रधान मंत्री जी ने पेश किया है और जिस पर हम विचार कर रहे हैं, उस प्लान के बारे में वे कह रहे थे कि इस प्लान से इस देश में जो अब तक डेवलपमेंट हुआ है या भारत डेवलपमेंट के रास्ते पर चल रहा था, उस सब को ब्लाकड-अप कर दिया गया है और इस प्लान के जरिए हम देश को बहुत पीछे ले जाएंगे। यह स्टीफन साहब कह रहे थे लेकिन हम और आप सभी जानते हैं कि पांच प्लान्स जो यहां पर खत्म हुए, उन पांच प्लानों के खत्म होने के बाद इसका नतीजा क्या हुआ? इनका नतीजा यह हुआ कि जो गिने चुने लोग 3 करोड़ रुपये के मालिक थे, आज वे 10, 12 और 15 करोड़ रुपये के मालिक हो गये। एक तरफ़ तो इस देश में अमीरी का पीरेमिड यानी कैलाश खड़ा किया गया और दूसरी तरफ़ ग़रीबों को पाताल में पहुंचा दिया गया। आप यह भी जानते हैं कि 25 साल के प्लान के बाद आज इस देश में लगभग 60, 65 फ़ीसदी आदमी ग़रीबी की रेखा के नीचे पहुंच गये हैं। ये जो हमारे यहां प्लान चले, उन का नतीजा है। यह ठीक है कि हमारा जो यह ड्राफ्ट फाइव इयर प्लान है, उस में भी हमने इस बात को कहा है कि जो विगत 4, 5 प्लान चले, उन से देश का कुछ कल्याण हुआ है लेकिन वह कल्याण अपनी जगह पर है। हार्ड फैक्ट यह है कि इन प्लानों के बाद हमारे यहां 60, 65 फ़ीसदी आदमी ग़रीबी की रेखा के नीचे पहुंच गये हैं और बेकारी का जहां तक सवाल है, आज करोड़ों लोग बेकार हो गये हैं। मोटा मोटा हिसाब जो प्लान में रखा गया है, उस हिसाब से अगर देखा जाए, तो हम समझते हैं। कि इस देश की आबादी अगर 59 करोड़ है, तो निश्चित तौर पर इस देश में 12–13 करोड़ आदमी बेकार हैं जिनको कोई भी काम नहीं मिलता। इनमें पढ़े-लिखे और अनपढ़ ग़रीब लोग भी शामिल हैं। पांच-पांच प्लान चलाने के बाद हमारी स्थिति यह हो गई है।

सभापति महोदया, हम सिक्स्थ फाइव इयर प्लान पर विचार कर रहे हैं। इसमें बहुत जोर दिया गया है कि हम अनएम्प्लाय-मेंट को खत्म करेंगे, ग़रीबों की हालत सुधारेंगे।

[श्री विनायक प्रसाद यादव]

लेकिन इसमें जो प्रावधान किया गया है, उसके जरिए से, मैं समझता हूं कि जो बहुत बड़ा उद्देश्य हम पूरा करना चाहते हैं, वह उद्देश्य शायद हम पूरा नहीं कर पायेंगे ।

सभापति महोदया, गांधी जी ने कहा था कि यह देश गांवों का देश है । गांवों के बारे में उन्होंने और भी बहुत कुछ कहा था जिसको जताने की जरूरत नहीं है । यह खुशकिस्मती की बात है कि हमारे देश का प्रधान मंत्री एक ऐसा नेता है जो गांधी जी का सब से बड़ा फोलोअर हैं, और गांधी जी को सब से ज्यादा समझने वाला हैं । हमारे देश में अब तक यह स्थिति रही है कि प्लान चलते रहे, गरीबी बढ़ती रही, बेरोजगारी बढ़ती रही । इस गरीबी के बढ़ने और बेरोजगारी के बढ़ने का एक कारण यह भी रहा है कि प्लान दिल्ली के एयरकंडीशंड हाउस में बठ कर, सेक्रेटेरियेट में बैठ कर बनते रहे हैं । सेक्रेटेरियेट चाहे दिल्ली का हो, चाहे पटना का हो । उन्हीं में प्लान बनते हैं । इसी कारण से पांच-पांच प्लान खत्म होने के बाद भी देश में गरीबी खत्म नहीं हुई, बेकारी खत्म नहीं हुई । बल्कि यह अबंकर रूप से बढ़ी है । आज भी हम जिस प्लान पर यहां चर्चा कर रहे हैं उन्हे भी मैं जनता का प्लान नहीं मानता हूं । यह कम्प्लीटली एक ब्यूरोक्रेटिक प्लान है, बीकरशाही का बनाया हुआ प्लान है । हमारे सामने जो यह प्लान लाया गया है, यह दिल्ली में बना है । इस पर स्टेट गवर्नमेंट्स को भी विचार करने का मौका नहीं दिया जा सका है । इसलिए मैं समझता हूं कि जो हमारा उद्देश्य है कि इस प्लान के जरिए से हम इस देश को आगे बढ़ायें, वह हमारा उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है ।

सभापति महोदया, हमारे देश की हालत क्या है ? हम सब जानते हैं कि हमारे देश की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा पिछड़ा है, हरिजन हैं, आदिवासी है । इस हिस्से को उठाने के लिए आन्दोलन चल रहा है । जहां एक ओर हमारे देश की आबादी का इतना बड़ा हिस्सा पिछड़ा है, वहां हमारे देश में रीजनल इम्बेलेंसिज भी है । इस देश में कई स्टेट डवलप्ड हैं और कई स्टेट्स अनडवलप्ड हैं । हमारे देश में ऐसे भी हिस्से हैं जो बिल्कुल पिछड़े है जहां पिछले 20—25 साल में कोई तरक्की नहीं हुई है । बिहार को ही ले लीजिए । हम समझते हैं कि प्राकृतिक साधनों में बिहार सब से धनी प्रदेश है । लेकिन वहां इतने प्राकृतिक साधन होते हुए भी बिहार इस देश का सब से पिछड़ा सूबा है । अगर यह सब से पिछड़ा नहीं तो कम से कम दूसरे नम्बर पर तो पिछड़ा है । ऐसा क्यों है ? अभी यहां बिहार के खान मंत्री आये थे । उन्होंने हम लोगों को बुलाया था । वे कह रहे थे कि बिहार की गरीबी का एक बहुत बड़ा कारण यह है कि बिहार में चाहे कोई भी उद्योग हो, उसका हेड क्वार्टर कलकत्ता या दूसरी जगहों में है । जितनी भी हमारे यहां खनिज पदार्थों की फेक्ट्रीज हैं, उनके हेड क्वार्टर्स बिहार से बाहर हैं । कोई कलकत्ता में हैं, कोई बम्बई में है, कोई और दूसरी जगह पर है । सिर्फ इसी के जरिए दो सौ करोड़ रुपया साल में बिहार का बाहर वाले लोग मार ले जाते हैं और बिहार का इस तरह से एक्सप्लायटेशन होता है । इसीलिए बिहार की आज यह स्थिति है । यदि देश को आप आगे बढ़ाना चाहते है तो जेसे आज पिछड़े हुए लोगों के लिए, हरिजनों आदिवासियों के लिए संविधान में आपने प्रावधान कर रखा है कि उनको विशेष संरक्षण प्रदान किया जाएगा वैसे ही अगर देश के तमाम हिस्सों को आप आगे बढ़ाना चाहते हैं तो आपको इस के लिए प्लान में विशेष प्रावधान करना पड़ेगा और यह कहना पड़ेगा कि जो हिस्से पिछड़े हुए है, जैसे गरीबी काफी है, जिन का विकास

नहीं हुआ है उनके लिए स्पेशल प्रावधान इस ड्राफ्ट प्लान में कर दिया गया है। लेकिन अफसोस की बात है कि इस माने में इस प्लान में कोई खास बात इस के सम्बन्ध में नहीं कही गई है।

यह ठीक है कि आपने इस में खेती तथा इरिगेशन पर अधिक जोर दिया है। लेकिन क्या इंटेंसिव खेती करने से ही देश की गरीबी दूर हो सकती है ? देश का 80-85 सैंकड़ा लोग खेती पर निर्भर करते हैं। एक आदमी के गोठे आठ कटटा, छः कटटा जमीन पड़ती है। अमरीका में जहां दस बारह एकड़ एक आदमी पर जमीन पड़ती है, रूस में जहां 8-9 एकड़ पड़ती है वहां हमारे देश में सिर्फ छः कटठे पड़ती है। फिर भी उन देशों में पड़ती जमीन इतनी नहीं भारत में है। एक करोड़ हैक्टर जमीन हमारे यहां परती पड़ी हुई है जिस पर खेती की जा सकती है. थोड़ा पैसा लगा कर उस पर खेती की जा सकती है लेकिन उसके लिए इस प्लान में कोई खास प्रावधान नहीं किया गया है। आपने यही कहा है कि इंटैंसिव एग्रिकल्चर आप करेंगे, उसको पानी देंगे, इरिगेशन फैसिलिटिज आप बढ़ाएंगे। लेकिन इस एक करोड़ हैक्टर भूमि को आबाद करने के लिए इसमें कोई प्रावधान नहीं किया गया है। एक तरफ देश में भयंकर बेकारी है दूसरी तरफ 25 प्रतिशत लोग देश में ऐसे हैं जिन के पास बसने तक के लिए जमीन नहीं है. गांवों में रहने वाले हैं लेकिन उनके पास बसने तक के लिए जमीन नहीं है। यह जो भूमि परती पड़ी हुई है. इसको खेती के लायक बनाया जाना। चाहिये. उस जमीन को उपजाऊ बनाया जाना चाहिये ताकि उस पर खेती हो सके और दूसरी तरफ जो एक चौथाई आबादी बिना जमीन है घर तक के लिए उनके पास जमीन नहीं है। उसको भी आप घर बनाने के लिए जमीन देने का प्रबंध करें। करोड़ों आदमी आज गांवों में बेकार हैं। तेरह चौदह करोड़ आदमी आज देश में बेकार है जिन में अधिकांश गांवों के नौजवान हैं। यदि एक करोड़ हैक्टर जमीन को खेती योग्य बना दिया जाए तो लाखों नौजवानों की बेकारी दूर हो सकती है। भूमि सेना बना करके आप इस अभियान को शुरू कर सकते हैं। इसके लिए आप यहां इस प्लान में प्रावधान करें तो मैं समझता हूं कि गरीबी और बेकारी दूर हो सकती और जो बेकार पड़ी हुई जमीन है उसको भी आबाद किया जा सकेगा जिससे हमारी नैशनल वैल्थ बढ़ेगी।

हमारे यहां निरक्षरता वाला भी सवाल है। यह भी बहुत जटिल सवाल है। हमें तीस साल आजाद हुए हो गए है। अभी भी हमारे यहां अधिकांश लोग जो गांवों में रहते हैं उनको दस्तखत करना भी नहीं आता है और वे निशान देते हैं जो हमारे देश के लिए राष्ट्रीय शर्म की बात है। मैं चाहता हूं कि मैट्रिक पास जो नौजवान हैं और जो बेकार फिर रहे हैं लाखों की तादाद में उनको आप इस काम में लगा सकते हैं। उनको आप तीन चार सौ रुपया माहवार न दें लेकिन सौ सवा सौ रुपया पाकेट खर्च दे कर उनको आप इस काम में लगा सकते हैं। जिस तरह से परती जमीन को आबाद करने के लिए भूमि सेना बनाने की जरूरत है उसी तरह से देश से इस राष्ट्रीय कलंक को मिटाने के लिए. निरक्षरता को खत्म करने के लिए आप मैट्रिक पास नौजवानों को निरक्षरता उन्मूलन सेना में भरती करके तीन चार साल में देश से इस कलंक को मिटा सकते हैं।

अंत में मैं कहना चाहता हूं कि इस ड्राफ्ट प्लान को आप ग्राम पंचायतों के पास भेजें. बलाक लेवेल पर देजें. डिस्ट्रिक्ट डिवेलेपमेंट कमेटी के पास भेजें और वहां से कैसा प्लान होना चाहिये. कहां किस चीज की

[श्री विनायक प्रसाद यादव]

जरूरत है, कैसे बेकारी दूर होगी, इस सब को जानकारी लें। इस तरह से आप प्लान बनाएँगे तभी देश आगे बढ़ सकेगा वर्ना जैसे पच्चीस साल में साठ प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा के नीचे गए हैं, वही हालत इस प्लान के बाद भी आपको देखने को मिलेगी।

इतना कह कर मैं आपको और प्रधान मंत्री को धन्यवाद देता हूं।

श्री राममूर्ति (बरेली): सभापति महोदया, छठे प्लान का असविदा इस संदन में पेश है। प्लान पर डिस्कशन करते समय स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू जो हमारे प्रधान मंत्री रहे हैं, वह हमारे सब के सराहना के पात्र हैं। यह उनके दिमांग की उपज थी, वह चीजों को साइंटिफिक ढंग से वैज्ञानिक ढंग सेदे खा करते थे और उसका नतीजा यह हुआ कि ज्यों ही हमारा मुल्क आजाद हुआ, बल्कि उससे पहले से ही, हमारे मुल्क में योजना की बात चलने लग गई थी। योजना पर कार्य रूप में हो रहा था, वहीं से यह पद्धति हमारे देश में आयी। फर्क केवल इतना था कि वह एक अथौरिटेरियन गवर्नमेंट थी, हमारी एक फ्री सोसायटी है। हमारे प्लानर्स ने इस बात को स्वीकार नहीं किया कि उनकी और हमारी कार्यशैली में खासा अन्तर है। बुनियादी असुल जो योजना के चलाने से पहले आता है वह यह कि समाज की सर्वतुन्खी उन्नति हो। समाज का कोई अंग ऐसा न रह जाय जोउपेक्षित रहे। अगर शरीर के अन्दर कोई हिस्सा कमजोर और कोई मजबूत है तो वह स्वस्थ शरीर नहीं कहा जाता। उसी तरह से समाज भी है।

27 साल हमारे देश में योजना चलते हो गये। कहीं कोई कमी जरूर थी जिसकी वजह से जो हमारे लक्ष्य थे, जो सिद्धान्त था, बिलासफी थी, दर्शन था उसको निगाहों से ओझल कर दिया गया। 27 साल के बाद आज हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि देश के 51 फ़ीसदी आदमी गरीबी के स्तर के नीचे हैं। यह कैसी योजना है? एक एक मद को देखिये। यह मैं नहीं कहता कि 30 साल में कोई तरक्की नहीं हुई। लेकिन उसका ढंग क्या रहा। पहले हमारे यहां अन्न की कमी थी, बाहर से मंगाते थे, लेकिन आज हम इस काबिल हैं कि हमारे यहां खाने का स्टाक बना है, और हो सकता है कि यही तरक्की अगर हमारी रही तो साल दो साल बाद हम अन्न बाहर भी भेज सकते हैं। लेकिन जरा यह तो देखिये कि इतना खाना होने के बाद 50 फ़ीसदी आदमी उस खाने का 67 फ़ीसदी इस्तेमाल करते हैं और बाकी लोगों को 33 फ़ीसदी मिलता है। और इन 50 फ़ीसदी के लिये 2,000 से 2,500 कैलोरीज मिला करती है। कपड़ा ले लीजिये। 90 फ़ीसदी कपड़ा 50 फी सदी आदमी जो गरीबी के स्तर के ऊपर हैं इस्तेमाल करते हैं और 10 फ़ीसदी कपड़ा बाकी लोग इस्तेमाल करते हैं। मकानों को लीजिए। 79 फ़ीसदी शेयर मकानों में इन 50 फ़ीसदी लोगों का है और 11 फ़ीसदी उन गरीबों का है जो गरीबी के स्तर के नीचे हैं। बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, अहमदाबाद, बंगलौर, मद्रास शहरों में देखिये ऊंची इमारतों की तरफ़ निगाहें जायें तो टोपी नीचे गिर जाय। इतनी ऊंची ऊंची इमारतें हैं। और उसके बाद लाखों गांव हैं जिनमें छप्पर हैं। मई, जून का महीना आ गया, अब आग लगानी शूरू होगी, हजारों इसानों की बरबादी होगी। यह योजना क्या है? तालीम को देखिये? 100 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज हैं, हजारों कालेज हैं, टेक्नीकल, साइंस और मेडिकल के, लेकिन नतीजा क्या है? हजारों आज पढ़े लिखे लोग मारे मारे फिर रहे हैं 100 रु० की नौकरी के लिये। तालीम इसलिए होती है कि इन्सान की काबलियत बढ़े,

वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। तो बजाय पैरों पर खड़े होने के गिरता जा रहा है। वे इस तमन्ना में हैं कि कोई सौ रुपये की नौकरी मिल जाये। और जब वे नौकरी कर भी लेते हैं, तो उन्हें इस बात का डर रहता है कि कहीं मालिक नाराज न हो जाये। इस के मुकाबले में राज 14 रुपये मांगता है, मजदूर 8 रुपये लेना चाहता है. मिस्त्री 15 रुपये लेना चाहता है और अगर कोई छोटी सी बात भी हो, तो फौरन काम को छोड़ कर चला जाता है। अनपढ़ लोगों में इतनी नैतिक शक्ति पैदा हो गई है। लेकिन पढ़े-लिखे लोग नौकरी के लिए तरस रहे हैं—सोच रहे हैं कि कहां जायें, क्या कर।

आज हमारी यूनिवर्सिटियां क्यों बन्द होती हैं? इसलिए कि लोगों में फ़्रस्टेशन आ गया है, नाउम्मीदी पैदा हो गई है। आखिर इस तालीम का क्या नतीजा निकला है? आज हमारे मुल्क में डाक्टरों की भरमार है, लेकिन कोई डाक्टर गांव में नहीं जाना चाहता है—मुल्क की 50 फीसदी आबादी के दुःखों को कोई नहीं देखना चाहता है। आज कितने इंजीनियर ऐसे हैं, जो अपने पैरों पर खड़े हो कर अपना निजी काम शुरू करते हैं? कितने साइंटिस्ट्स ने लैबारेटरी से बाहर निकल कर एक्सटेंशन वर्क किया है? वे सिर्फ अपनी लैबारेटरीज तक महदूद हैं। इस मुल्क में इन प्लान्ज और डेवेलपमैंट का क्या नतीजा निकला है?

इन हालात से हमारे मुल्क की जनता में जो क्युमुलेटिव रीएक्शन हुआ, उस ने कांग्रेस की सरकार को—इतनी जबदस्त और मजबूत सरकार को भी हिला दिया। जनता पार्टी का गठन एक हिस्टारिक नेसेसिटी है। वह कांग्रेस का विकल्प है। लोगों को जनता पार्टी से जो आशायें और तमन्नायें हैं, अगर उन की पूर्ति नहीं होगी, तो इस देश में बड़ी भारी नाउम्मीदी पैदा हो जायेगी, और हालात को संभालना मुश्किल हो जायेगा। हमारे ऊपर जो दायित्व हैं, उसी को दृष्टि में रख कर छटे प्लान में मुल्क की 50 फ़ीसदी आबादी की तरफ़ तवज्जुह देना जरूरी समझा गया है।

अगर हम एग्रीकल्चर और रूरल इंडस्ट्रीज़ की तरफ़ ध्यान नहीं देंगे, तो इस मुल्क की तरक्की नहीं हो सकती है। कल श्री स्टीफन की बात को सुन कर मुझे कष्ट हुआ। वह बहुत पुरान पब्लिकमैन और इतने तजुर्बेकार आदमी हैं। उन को ताज्जुब था कि रूरल इंडस्ट्री कैसे चलेगी, उस के लिए क्या इनफ़ा-स्ट्रक्चर है। हम भी जानते हैं कि उस के लिए इनफ़ा-स्ट्रक्चर अभी तैयार नहीं हुआ है। लेकिन रूरल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने में क्या मुश्किल है? आज 40 फ़ीसदी गन्ना बड़ी फैक्टरियां क्रश करती हैं और 60 फ़ीसदी गन्ना छोटे क्रशरों के, और दूसरे तरीकों से, इस्तेमाल में लाया जाता है। अगर यह निश्चय कर लिया जाये कि अब नई शूगर फ़ैक्टरियां नहीं लगेंगी, और छोटे क्रशरों आदि के द्वारा और अधिक काम किया जायेगा, तो इस में क्या कठिनाई है? इस से हम अधिक लोगों को काम दे सकेंगे। मालूम हुआ कि अब कोई शूगर मिल नहीं खुलेंगे।

आज 10 मिलियन आदमी रूरल एरिया में कपड़ा बनाते हैं। हम चाहते हैं कि इन लोगों को 300 दिन के लिए रोजगार मिले और इस प्लान के दौरान कम से कम और 3 मिलियन आदमियों को वहां काम मिले। यह कौन सी बड़ी बात है, जो हम नहीं कर सकते है? इसी तह जहां ग्रेन मिलिंग का सम्बन्ध है, अगर गेहूं, धान और अन्य गल्ले को पीसने और प्रासेस करने का काम रूरल इण्डस्ट्रीज के क्षेत्र म बढ़ा दिया जाये, तो इस में क्या मुश्किल है? लकड़ी का काम,

[श्री राम मूर्ति]

स्माल फ़ब्रिकेशन, सेरेमिक्स आदि में ऐसा कौन सा कठिनाई है, जो रूरल एरियाज में नहीं किया जा सकता है ? बड़ी और मेजर इंडस्ट्रीज से यह अपेक्षा है कि वे इस के लिए इनफ्रा-स्ट्रक्चर खड़ा करने में हमारी मददगार हों। वे प्रासेस बतायें और रूरल एरियाज की टेकनालोजी को डेवेलप करें, ताकि वहां के लोक फ़ायदा उठा सकें । उन्होंने अरबों रुपये पदा किये हैं, तो क्या वे इस मुल्क के लिए इतना भी नहीं करेंगे ?

जहां तक खेती का तालुक है, यह एक जाइगेंटिक प्राबलम है। 1971 की सैन्सस के मुताबिक हमारे देश में 70.5 लाख ऐसे लोग हैं, जिन के पास एक हैक्टेयर से कम जमीन है। इन लोगों की बड़ी मुश्किलात और समस्यायें हैं, जिन की तरफ़ सरकार को खास तौर से ध्यान देना पड़ेगा। उन के पास जमीन जोतने का साधन नहीं है, सिंचाई के लिए पानी का साधन नहीं है। अच्छे बीज इन को नहीं मिल पाते हैं, इनपुटस इन के पास नहीं हैं, फ़सलों में जो बीमारियां लगती हैं उन को ये दूर नहीं कर सकते। इसलिए भी विशेष तौर पर सराकार को अपना कदम उठाना पड़ेगा और वह भी जो एजेंसी आज काम कर रही है उस के जरिए से हीं, आनरैरियम दे कर लोगों को लगाना पड़ेगा, तब इस प्राबलम का सॉल्यूशन हो सकता है। जब इस प्राबलम का साल्यूशन हो जायगा तो कोई भी आदमी ऐसा नहीं होगा कि जो एक एकड़ में 15 क्विंटल गेहूं और 16 क्विंटल धान पैदा नहीं करेगा। इतना अगर कर सकें तो प्लान की पूरी कामयाबी होगी।

जहां हम यह काम करने जा रहे हैं वहां इस बात का भी ख्याल रखना पड़ेगा कि जो हमारी सोशल सर्विसेज हैं और जो इन्फ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं या बनाने वाले हैं, उनके विचार गरीबों से सहानुभूति रखने वाले हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि खादी का काम करने भेज दें और उसे जिन्दगी भर यही पता न रहा हो कि खादी क्या होती है ? फिर उस की श्रद्धा और निष्ठा क्या होगी खादी में ? इसलिए हमें इस को भी देखना पड़ेगा ।

आज जो ब्लाक की एजेंसीज हैं वह आइट-मांडेड हो गई है। उस में जो मेहता कमेटी का उद्देश्य था वह नहीं रहा। इन के दिमाग में भी वही बात आ गई जो आम नौकरों के दिमाग में आ जाती है कि 30 तारीख के बाद तनख्वाह तो मिल ही जायगी, काम हो या न हो। कोई सेवा करने का उत्साह उन के अन्दर नहीं है। इसलिए आनरैरियम दे कर लोगों को लगाना पड़ेगा। इस से हम ज्यादा कामयाब हो सकेंगे।

इस के साथ साथ कुछ कर्ब और कुछ रुकावटें भी पैदा करनी पड़ेंगी। जो फैक्ट्रियां हैं इन के डिविडेंड, इन के इंतजामात आप को देखने पड़ेंगे। ये जो खान्दानी तरीके से मालिक बने बैठे हुए हैं वहां आप को प्रोफेशनल मैनेजमेंट लगाना पड़ेगा। उस के बगैर यह काम पूरा नहीं हो सकता। ऐसे ही वर्कर्स और एम्प्लायर्स के बीच में इंडस्ट्रियल रिलेशंस अच्छे कायम करने पड़ेंगे। हमारी जो ग्रोथ रेट है उस के साथ-साथ एम्प्लायमेंट लोखों को ज्यादा से मिलना चाहिए। जो कन्ज्यूमर्स गुडस हैं उन की तरफ खास तौर से ध्यान जाना चाहिए और जो एसेंशियल गुडस हैं उनकी प्राइसेज न बढ़ने पाएं इस बात की तरफ भी खास तौर से ध्यान देना पड़ेगा। साथ-साथ जो लोकल रिसोर्सेज हैं उन का पूरा पूरा इस्तेमाल करना पड़ेगा।

इस के साथ साथ हमारी पालिसी शिफ्ट बड़े से छोटे की तरफ़ होनी चाहिए, बड़े बिजनेस की तरफ नहीं। छोटी रूरल इंडस्ट्रीज, काटेज इंडस्ट्रीज, होम इंडस्ट्रीज

की तरफ हमें जाना पड़ेगा। अभी तक इस बात की कोशिश रही कि बड़े बड़े कारखानों में ज्यादा से ज्यादा रुपया लगाया जाय, एम्प्लायमेंट बढ़े, इस की कोई फिक्र नहीं। अभी पिछले दिनों किन्हीं मंत्री महोदय ने बताया था कि कलकत्ते म 23 करोड़ की कोई फैक्ट्री लगी है जिस में 12 आदमी सिर्फ काम करते हैं। सब काम एलेक्ट्रानिक से हो रहा है। ऐसी इण्डस्ट्री की हिन्दुस्तान में गुंजाइश नहीं है, अमेरिका में हो सकती है। यहां पर इस बात का ख्याल रखना पड़ेगा कि जो बेकार लोग हैं उन्हें एम्प्लायमेंट मिले। और इस को नीची निगाह से, नफरत की निगाह स नहीं देखना चाहिए। चाइना में इन इंसानों के जरिए से वह काम कर दिया जो बड़ी बड़ी मशीनें नहीं कर सकीं। सारी नहरें, सारी इमारतें, सड़कें इन्हीं के जरिए से बनी हैं। हमारे मुल्क में भी वही कंडीशन हैं जो चाइना में है। जो हमारे पास फोर्स है हम उस का पूरा इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस के साथ-साथ जैसा मैंने अर्ज किया मशीन से ज्यादा हाथ की तरफ ध्यान देना पड़ेगा और अर्बन के बजाय रूरल की तरफ हमें जाना पड़ेगा।

मुझे स्टीफेन साहब की एक बात से और तकलीफ हुई। फारेन एड का उन्होंने जिक्र किया। हमारे मुल्क में तो शुरू से अब तक इस बात की कोशिश रही है कि ज्यादा से ज्यादा फारेन एड मिले, उस को हम अपने काम में लगाएं और मुल्क को खुशहाल बनाएं। उन्होंने कहा कि हम इतनी फारेन एड लेने जा रहे हैं कि यह मुल्क अब कालोनियल मुल्क हो जायगा, अब यह गुलाम मुल्क हो जायेगा। उन की जबान से यह बात अच्छी नहीं लगी। जब कभी बोलना हो तो रेस्पांसिबल आदमी को थोड़ा संयम के साथ बोलना चाहिए।

आखिर में एक बात और कहूंगा कि कुछ थोड़ी सी ऐसी बातें भी हैं जिनपर गवर्नमेंट को खास तौर से सोचना पड़ेगा। 13 हजार करोड़ रुपये के रिसोर्स मोबिलाईजेशन की जो बात है जिसमें स्टेट्स को भी 4 हजार करोड़ के रिसोर्सेज मोबिलाइज करने हैं उसमें मुझे शुबहा है। जो आज स्टेट्स की हालत है उसमें एग्रीकल्चर पर टैक्स लगाना, एलेक्ट्रिसिटी के रेट्स बढ़ाना, इरीगेशन के रेट्स बढ़ाना —यह हो नहीं पायेगा। इसलिए सरकार को पहले से सोचना चाहिए कि कहीं आगे चल कर हमारे रास्ते में रुकावट न पैदा हो जाये।

मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

SHRI D. D. DESAI (Kaira): Madam Chairman, we have to take stock of our total resources, our assets, our liabilities before we launch on a new programme of advances and we have to consider whether we should not play the game invented by the colonists and those who are dominating today the scene of the industrial world. It is true that so far we have pursued a course which has not yielded the expected result, but it is only by experience that we can learn these things and rectify them in the course of our development process. Here, we should avoid, in our Plan, such sort of activities.

Somehow, or the other, going through the Plan Document, I could not escape the conclusion that we are still pursuing *de facto* some of the idea which had been pursued in the earlier plans, though the emphasis has been shifted to agriculture, I would say that that it is not to such an extent that it will make a real impact. One of our most important things has been that by merely providing resources and by drawing plans, we do not get the expected performance.

In the past we had seen that these things had not been rewarding. In fact, most of them have proved to be illusions. I would suggest that from now onwards, we may, as well, look

[Shri D. D. Desai]

to better system or better way of evaluating or better way of undertaking our Plan. Here, I would like to say that a shift in emphasis or evaluation sometimes may make a difference. Today, somebody with big mansions or big cars or some big units or power or position and that sort of things has been considered to be a big or rich one who has achieved greatness in his life. Now if we give some importance to small persons who produce and save and less value to power and assets or some prestige to the underdeveloped areas, then I think we have tried to solve some of the problems. A beginning will have to be made by the people who are at the top.

Some time back, I was very happy when our President made a statement that he would move to a small house. Mahatma Gandhi had mentioned that our Raj Bhavans and other things should be converted into hospitals. All these things, I think, are not relevant to the Plan, to a great extent; but the point which I am trying to make is that we have to consider the shift in our outlook, the shift in our evaluation system which may enable us to achieve better performance. This idea may take us to the villages, because instead of visiting our cities more, if we look towards villages it will help us.

In fact, I recall one of the earlier statements made by Mahatma Gandhi. I think it was made in 1927. One American gentleman had asked Mahatma Gandhi to come to America on lecture tour instead of wasting his time in dirt and dust of small villages. Mahatma Gandhi said: 'My work here will speak in America and in the World better than my lecture speeches in U.S.A.' Now, this is something which may have some significance in our approach. When we are taking into consideration all our resources, we can base these things on them. We have got nearly 329 million hectares of land, out of which 165 million hectares are arable land. We have 630 to 640 million people. We have 105 centimetres of annual rainfall. We have intense sunlight—tropical and sub-tropical sunlight—which, in turn, generates renewable resources. We have limited non-renewable resources. We have a population which is contented. They are, not looking for something very big. This sort of infrastructure is a God-sent for chalking out an entirely new course of civilization for ourselves, so that we do not fall into the traps which the world has been showing; the civilization of the recent past had failed, and the present civilization is not ultimately going to succeed.

16.52 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

Take the 105 cms. of rainfall. Some people might ask, 'What has that to do? How does that help us?' That is equivalent to nearly 48 inches of rainfall. That is enough to provide water for our requirements, for all kinds of agricultural produce and renewable resources. I would say that we must have some sort of an arrangement because the excess growth or production results ultimately in debacle or distress to the growers. Instances are available: see the fate of sugarcane growers, see the fate of tobacco growers, see the fate of short-staple cotton growers, see the fate of potato growers, see the fate of onion growers. If they produce more, the consequence is distress for them. There should be some system under which we may provide some support like Agricultural Produce Price Stabilisation Board, Commodity Credit Corporation, Disaster Fund etc. These are some of the things which we will have to undertake if we are to solve these problems. The renewable resources can bring us prosperity: the intense sunlight, the carbon-di-oxide in the atmosphere and a little water produce all the products and these between themselves constitute an area of production which might give us real prosperity which the activities

based on the existing non-renewable resources will not be able to give.

As I had mentioned, we had recently some cases of low prices of short staple cotton where there was distress to the growers. Here the distress was further aggravated by import of viscose fibres. What was the necessity to import a huge quantity of viscose fibre which is really a substitute for short-staple cotton? Similarly there has been import of edible vegetable oil, cotton and such other things. True, some sort of oil shortage was there. But you have to look into it and find out whether this oil shortage could be eliminated next year.

Today we are in the month of May. There has been no support price declaration. I would strongly urge on the Government that the support prices for the ensuing kharif season should be announced early and they should provide a package for the new crop, particularly proved high-yielding varieties of seed. Last year, the impression was that short rainfall or failure of last railfall had inhibited the growth of pods of groundnuts and, therefore, the yield was not to the expectation. The fact was that the seeds gave huxurious foliage but less pods. These are some of the things which we may have to take care of now itself.

For example, we have the distress of rice growers in Andhra Pradesh. In Andhra Pradesh it is said that rice is being sold for below the support price, at Rs. 50. The support price is Rs. 77. The machinery we have, that is the Food Corporation of India, is not able to undertake the purchases which we had expected them to do. This occurs in different areas, at different times. That is why our operating system will have to be rectified.

Then besides fertilizers, pesticides and high-yielding varieties of seeds, credit is an important factor. Finance is the principle bottle-neck we have found. While the Industry, which contributes something like 18 per cent or so gets a credit of something like Rs. 14,000 crores the total credit to the agricultural sector does not exceed Rs. 1700 crores. This sector provides about 45 per cent of our national wealth. It is well known that these people do not have the wherewithal even for agricultural operations and to expect them to undertake this function with the limited resources means inviting for ourselves shortages.

We have one very important problem, and that is about rainfall. It was just mentioned that it is about 105 centimetres. Recently I read the speech of the Israeli Agriculture Minister. He said 'we have got every drop of rainfall that comes to this country. We have conserved it and used it; now we have to look to alternatives.' But in our country we have been planning for drain-off. This is very unusual. For example in regard to the Mahi-river in my constituency the plan is that 40 per cent of its water will be allowed to flow into the sea. That is the provision because they say the submergence of some constructions would make it compulsory that the dam height should be low and conservation of water cannot be done. Still, if we make some minor dams, conservation of water can be made. Even it can take place where the water falls—it can be done in farms and so on. But there is no provision today for doing so. Similarly, almost 100 per cent of the Narmada river is flowing into the sea. This is something which, we must understand, a poor country like ours cannot afford. We have got intense sunlight which enables us to produce almost treble of the scandinavian countries. In fact so far as forestry is concerned, in India tree girth size of 12 inch can take place in 15 years whereas there it requires 60 years. Therefore, the ratio is 1:4. If that is the advantage we are having, why should we not make the best use of water? Because, sunlight is free and carban-dioxide is free and all that we have to put in is water. Soil is not, of course, that much consequen-

[Shri D. D. Desai]

tial and fertilizers and other things are only additives: they are not structural blocks of the ultimate produce.

We have increased grain production to 120 million tons but we may recognise that production of about 80 million tons sector has remained stagnant—e.g. coarse grains and rice. There we do not have the impact of development yet except in irrigated areas where we have been somewhat successful. That is why I would suggest that we do need additional research. In fact, the research provision which we have made is hardly about Rs. 100 crores a year. Now, we know that for a production of about 40,000 crores, if at least 1 per cent, that is Rs. 400 crores is provided, it may have some impact—because we have just started. We do not have an already established system: we are at the bottom in the production of agricultural output per hectare. If this is so, a certain investment at the developmental stage becomes obligatory on our part. Besides, we have talent in the country and that talent, I would suggest should be used at the University level. It is unfortunate that our Universities have a bad reputation for some reason. But the fact is that it is a new generation and we cannot desert them altogether. Whatever the faults and whatever the failures of those people we still have to see that Universities do not have disturbed campuses as we are having today and the reasons for that will have to be rectified because this is also, I would say, one of our Plan problems which we have to solve.

I will now only sum up all the points.

17 hrs.

One of the great advantages is that in this document, a great emphasis has been laid on the small scale and cottage industries and agriculture. This is the brightest spot that I can see in this document. There has been some criticism of over-emphasis on small scale industries but we must see that they are responsible for producing a major portion of our products. Take for example soap; over fifty per cent of it is produced in the small scale sector; match boxes, over sixty per cent is produced in the small scale sector; radios more than 70 per cent is produced in the small scale sector. There are only a few products which cannot be manufactured in the small scale industries. It is not only the Khadi cloth alone which comes in the small scale sector; there are large number of industrial products which can be produced at village level and those industries will ultimately liberate us from our big problem of unemployment. I would therefore, like to congratulate the Government for having given proper emphasis on small scale industries and taken a bold step in providing maximum amount of money for agriculture and small scale industries.

There has been some difference in approach in the matter of exports. I believe, God has placed us in a situation where we will have abundant agricultural produce. There are countries surrounding us particularly in the North and arid West which are short of agricultural produce in a large number of items. The countries in the arid zone, the countries; in the temperate and arctic zone do not have such possibilities. Therefore, we should think of export of large quantities of agricultural produce, worth say Rs. 3,000 crores, or Rs. 5,000 crores or Rs. 10,000 crores. This is because it is not going to impoverish us of our non-renewable resources. It is something which comes by every rainfall and which we can have over and over again.

SHRI P. K. DEO: Only after we get a two-square meals a day for everybody.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

SHRI D. D. DESAI: There has been some talk about the farmers becoming

rich and some abuses have been hurled on successful farmers. We must, on the other hand, give credit to these people. If a poor farmer through his hard work produces more on a small farm and enriches himself and thereby the country, it should not be considered as something anti-social and contrary to the interest of the country.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please wind up now; I am going to call the next speaker.

SHRI D. D. DESAI: In the end, I would say that we should move to wheat, rice and other cereals for human consumption and we may use the coarse grains as fodder.

श्री राम किशन (भरतपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, जिस योजना पर हम विचार कर रहे हैं, उस योजना में कई ऐसी चीजें हैं जिनका स्वागत किया जाना चाहिए। पिछले 27 साल के अनुभव के बाद हमने इस योजना में कुछ नई दिशाएं ग्रहण की हैं। खेती और ग्राम विकास की जरूरत की दृष्टि से इस योजना में एक नई दिशा ग्रहण की है। इसकी जरूरत इसलिए भी उत्पन्न हुई है कि आज हमारी आर्थिक व्यवस्था जिस प्रकार के विरोधाभास में फंसी है, वह अपने आप में एक अजीब चीज है। एक तरफ तो अंग्रेजों के जाने के बाद गरीबी की रेखा के नीचे रहने वालों की तादाद निरन्तर बढ़ती जा रही है और दूसरी तरफ हमारे देश में चीनी और अनाज का इतना स्टाक है जिसे कोई खरीदने को तैयार नहीं है। हमारे आयोजन का सब से बड़ा दोष यह रहा है कि हमारे देश में जो बहुसंख्यक जनता थी, वह खरीदने की ताकत नहीं बढ़ा पाई है। आयोजन से उसकी क्रय शक्ति में कोई वृद्धि नहीं हो पायी। हमारे देश में विकास हुआ बड़े उद्योगों का और शहरों का। गांवों में हम एक प्रकार के संकट में फंस गये थे। नई सरकार ने इस संकट की स्थिति को समझा और इसी दृष्टि से जब हम छोटे उद्योगों और ग्राम विकास की बात कर रहे हैं तब न बड़े उद्योगों के खिलाफ कोई बात है, न शहरों के खिलाफ कोई बात है असल जरूरत इस बात की है कि देश में बहुत बड़ी तादाद में जो लोग हैं उनकी क्रय शक्ति को बढ़ाया जाए ताकि घरेलू उद्योग पनपें, आर्थिक स्थिति देश की भी सुधरे। इस संदर्भ में इस ड्राफ्ट पर विचार करने की जरूरत है।

यह कहना कि पुरानी सरकार ने कुछ नहीं किया इसको मानने के लिए शायद हम तैयार नहीं हैं। हां पुरानी सरकार ने पूंजीवाद समाज निर्माण के लिए ढांचा खड़ा किया था। हम को कोई दूसरा रास्ता निकालना पड़ेगा और पुरानी विकास की जो नीति थी जिससे एक तरफ देश में बेरोजगारों की तादाद बढ़ी और दूसरी तरफ पूंजीवाद का निर्माण हुआ उस को हम को बदलना पड़ेगा। देश में बेरोजगारों की तादाद कितनी है इसका भी सही अंदाज नहीं हैं। लकिन अनुमान यह लगाया जाता हैं कि दस बारह करोड़ हैं जो बेकारी या अर्द्ध बेकारी का जीवन बिता रहे हैं। इसी प्रकार से आज 36 करोड़ लोग ऐसे हैं जो गरीबी की रेखा के नीचे हैं। हमारा उद्देश्य यह होना चाहिए कि इन 46 करोड़ लोगों के कल्याण के लिए हम काम करें। अगर यह योजना इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेती है तब तो देश को हम नई दिशा दे पाएंगे और अगर नहीं कर पाती है तो इसको हमारी विफलता ही माना जाएगा। इस पर लगातार चिन्तन करते रहने के लिए जो रास्ता ढूंढा गया है साल के बाद विचार करने का जो मौका दिया गया है मैं समझता हूं कि वह प्रक्रिया भी इस उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायक साबित हो सकेगी।

जब हमें ग्रामीण विकास की चर्चा करने हैं तो एक बात का हम ध्यान रखना होगा।

[श्री राम किशन]

गांवों में दो तरह के लोग रहते हैं। एक वे हैं जिन के पास जमीन है और जमीन के अलावा दूसरी सम्पत्तियां भी हैं और दूसरे वे हैं जिन के पास जमीन तक नहीं है। आज तक जो विकास हुआ है अगर कोई यह मान कर चलता है कि वर्तमान सरकार या वर्तमान योजना में ही ग्राम विकास पर ध्यान दिया गया है तो यह गलत बात होगी पुराने समय में भी खेती के विकास पर ध्यान दिया गया था। छठी योजना शुरू होने से पहले तक पंद्रह हजार करोड़ रुपया पुरानी सरकार ने, पुरानी व्यवस्था ने ग्राम विकास पर खर्च किया था, कृषि पर खर्च किया था। उसका नतीजा क्या हुआ? साठ प्रतिशत रकम एक तरह से प्रशासनिक मामलों पर खर्च हो गई और बीस प्रतिशत से अधिक खेती के—विकास पर भी खर्च नहीं की जा सके। यह बीस प्रतिशत जो खर्च हुई इसका भी अधिकतर लाभ ग्रामों में जो पद्रह प्रतिशत परिवार हैं जिन के पास 66 प्रतिशत जमीन है, उनको ही मिला है। आज क्या हम उनको इस लाभ से वंचित कर पायेंगे, यह सवाल हमारे सामने है। जब हम ग्राम विकास की बात करें तो उस विकास का बिन्दू हरिजन, भूमिहीन किसान और खेत मजदूर और गरीब तबका होना चाहिए, जिनके पास आमदनी का कोई स्रोत नहीं है। पुरानी व्यवस्था और वर्तमान व्यवस्था में हम किस प्रकार से अन्तर कर पायेंगे यह एक समस्या है जिस को हमें हल करना है। कौन सा ऐसा ढांचा खड़ा करें ताकि छोटे आदमी की मदद हो सके, यह समस्या हमारे सामने है और इस को आपको हल करना होगा।

आपने योजना का आकार बढ़ा दिया है। यह और भी बढ़ना चाहिए था। लेकिन साधनों का सवाल भी सामने आ कर खड़ा हो जाता है। इस पर हमें दूसरे ढंग से विचार करना चाहिए। आज साधनों की स्थिति यह है कि खेती की मार्फत और गैर खेती की मार्फत राष्ट्रीय इनकम में बराबर की हिस्सेदारी होती है। जितना हम खेती से पैदा करते हैं उतना ही खेती के अलावा जो धंधे हैं उन से पैदा करते हैं, उन से हिस्सा आता है। जहां तक टैक्सों के वजन का प्रश्न है खेती में लगे सम्पन्न वर्ग पर निश्चित तौर पर कम वजन पड़ा है। अगर योजना के आधार को बढ़ाना है तो साधनों को बढ़ाने के लिए इस वर्ग पर, गांवों का जो सम्पन्न वर्ग है उस पर वजन डालने से—हमें झझक नहीं होनी चाहिए। गांवों का नाम ले कर अगर हम वहां के सम्पन्न वर्ग को छोड़ देंगे तो साधनों का एक बहुत बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा हो जाएगा।

हमारे स्टिफंज साहब ने कहा है कि अगर हम विदेशी सहायता पर निर्भर रहे तो हमारा देश गुलाम हो जाएगा। पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी योजना में 28 प्रतिशत तक हमने विदेशी सहायता प्राप्त की थी। 22 प्रतिशत विदेशी सहायता भी हम ने ली। इस योजना में विदेशी सहायता का अंशदान केवल चार प्रतिशत है उससे अधिक नहीं। अगर किसी प्रकार से इस विदेशी सहायता को भी हम कर सके तो इससे बढ़िया बात दूसरी नहीं हो सकती है। उसके लिए हमें समाज के ढांचे में परिवर्तन करना होगा तभी हम आगे बढ़ पायेंगे।

कृषि मंत्री जी ने बहस में भाग लेते हुए कहा है कि जमीन वितरण पर पुरानी सरकार के मुकाबले में हमारी सरकार ने इस एक साल में काफ़ी अधिक जोर दिया है। अगर हम इसी पर संतोष कर लें तो यह एक बड़ी गलती होगी और हम गलत दिशा में चले जायेंगे। पुरानी सरकार तो गरीबी मिटाने की बात किया करती थी, नाम तो समाजवाद का लिया करती थी लेकिन पूंजीवादी समाज का निर्माण कर रही थी। पुरानी सरकार से आप अपनी सरकार का

मुकाबला न करें। और डिलाई पुरानी कांग्रेस सरकार के मुकाबले में नहीं, बल्कि जनता सरकार जिन अपेक्षाओं के साथ आई थी हम उसी रफ्तार से इस काम को करना चाहिए था। यह काम धीमी रफ्तार से चला है, इसको हमें बढ़ाना पड़ेगा। वैसे प्रारूप में समय भी दिया है, लेकिन समय तो पुरानी कांग्रेस सरकार ने भी दिया था, दूसरी और तीसरी योजना में इसी प्रकार के समयबद्ध कार्यक्रम की घोषणा की थी, लेकिन उसके नतीजे अनुकूल नहीं आये।

उपाध्यक्ष महोदय, एक चीज खास तौर पर हमें देखनी चाहिए कि इन योजनाओं के नतीजे से जो सम्पत्ति पैदा हुई है उसका लाभ किस वर्ग को मिला है? जहां तक बड़े बड़े उद्योग पनपे, पूंजीवादी व्यवस्था का निर्माण हुआ, यह तो साफ है, लेकिन अगली दिक्कत और हुई हैं कि हमारे देश में हमने एक ऐसे वर्ग को पैदा कर दिया है जो कि आधुनिकता का शिकार हो गया है। हमें जब साधनों की तरफ़ ध्यान देना होगा तो उस समय हमें बचत बढ़ाने के लिए कोशिश करनी होगी। आखिर बचत न तो गरीब आदमी बढ़ा सकता है, न भूमि-हीन, न हरिजन और न गिरिजन कर सकता है। अगर बचत की कोई मात्रा है तो शहरों में सम्पन्न हुआ नया वर्ग, गांवों के धनी किसान और देश के पूंजीपति ही हो सकते हैं। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सारी पिछली योजनाओं का जो दोष था उसको हम इस योजना में समाप्त कर पायेंगे कि नहीं ऐसा आभास हमें नहीं मिल रहा है। हमारे देश के गांवों में 5 प्रतिशत के करीब आबादी ऐसी है जो 5 रुपये महावार से ज्यादा कमाती है और इसी प्रकार की आबादी शहरों में भी है जिसकी संख्या कुछ ज्यादा है। लेकिन इस आबादी से ही हम टैक्स की आशा कर सकते हैं, बचत की आशा कर सकते हैं, और इस आबादी से ही हम देश के निर्माण की आशा कर सकते हैं। इस बचत को हम पानी की योजनाओं में, बिजली की योजनाओं में लगायें। पहले हमने ऐसा न कर के उस बचत को आधुनिक उपकरणों के पैदा करने में और जीवन के आराम की आधुनिक चीजें पैदा कर के उस सारी बचत को हमने बेकार कर दिया है, और मुझे इस प्रारूप में ऐसा नहीं दिखाई देता कि इस ढांचे को हम तोड़ पायेंगे कि नहीं। केवल कुछ लोगों पर टैक्स बढ़ा कर विकास की गति को नहीं बढ़ाया जा सकता है। विकास का लाभ जिन वर्गों को मिला है उसी को दबाना पड़ेगा, और सरकार को ऐसा करने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए।

जहां तक प्राथमिकता तय की गई है, खेती के लिए, पानी के लिए प्राथमिकता तय की गई है उस में हमने केवल 600 करोड़ का प्रावधान किया है। यह सही है कि हमारे देश के गांवों में आज भी शुद्ध पानी नहीं है, लाखों गांवों में पीने का पानी नहीं है। यह प्रावधान उसके हिसाब से बहुत कम है। राजस्थान के जिस इलाके से मैं आता हूं वहां की योजना तैयार करायी, उस राजस्थान के लिए ही कम से कम 600 करोड़ रु० चाहिए। मैं यह नहीं कहता कि केन्द्रीय सरकार उस वजन को भरेगी? लेकिन हम इन चार सालों के भीतर और कोई बड़ा काम कर सकें या नहीं, देश में एक काम जरूर करें कि देश का कोई भी गांव बगैर पानी के न रहे, इसका प्रावधान तो करना ही चाहिए। रोटी, कपड़ा और मकान की बात दूसरे नम्बर पर आती है। जहां तक इन चीजों का सवाल है आज हमें इस योजना पर दोबारा विचार करना पड़ेगा।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष महोदय, आवासीय व्यवस्था के लिए भी सरकार ने कुछ प्रावधान किया है। यह सही बात है कि पिछली योजना के मुकाबले इस बार ज्यादा प्रावधान है। लेकिन समस्या की गहनता कितनी है?

[श्री राम किशन]

